'सबसे विशाल लोकतंत्र का संसद भवन सबसे भव्य और सबसे आकर्षक बने',
लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2019: आज लोक सभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि सबकी आकांक्षा है कि सबसे विशाल लोकतंत्र का संसद भवन सबसे भव्य और सबसे आकर्षक बने। उन्होंने कहा कि भारतीय गणराज्य के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन से, जो अपने 92 स्वर्णिम वर्ष पूरे कर चुका है, सभी राजनैतिक निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्रता के बाद से अब तक लोकतंत्र के बढ़ते स्वरूप ने देश की इस सबसे पवित्र और महान धरोहर का उत्तरदायित्व भी बढ़ाया है और इससे देश की अपेक्षाओं का विस्तार भी हुआ है। ऐसे में यह हम सबकी आकांक्षा है कि विश्व के सबसे बड़े गणराज्य और सबसे विशाल लोकतंत्र का संसद भवन सबसे भव्य और सबसे आकर्षक बने। उन्होंने प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया कि भारत की आजादी के 75 वर्ष 2022 तक पूरे होने पर नव भारत के उनके संकल्प में संसद भवन के विस्तार और आधुनिकीकरण को भी सम्मिलित किया जाए।

उन्होंने सदन के सभी सदस्यों की तरफ से देश और सरकार को यह विश्वास दिलाया कि संसद की पवित्रता और गरिमा को अक्षुण्ण रखा जाएगा।